नई दिल्ली में खुला ‘संगवारी छत्तीसगढ़

चर्चा में क्यों?

हाल ही में छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने नई दिल्ली के लोक कल्याण मार्ग (पूर्व में रेसकोर्स रोड) स्थित वायु सेना के न्यू विलिंगडन कैंप के संतोषी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में ‘संगवारी छत्तीसगढ़’ केंद्र का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- छत्तीसगढ़ खादी और ग्रामोद्योग के प्रसिद्ध उत्पादों को दिल्ली में लोगों को अधिक आसानी से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस केंद्र को खोला गया है।
- इस अवसर पर छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की प्रबंध निदेशक रेखा शुक्ला ने बताया कि छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड ग्रामीण अंचलों में रोज़गार के अवसरों का सृजन कर ग्रामीणों में आत्मनिर्भरता की भावना को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ बुनकरों और कारीगरों द्वारा तैयार किये गए उत्पादों का बेहतर बाज़ार उपलब्ध कराता है। इसी कड़ी में ‘संगवारी छत्तीसगढ़’ नाम से यह विक्रय केंद्र देश की राजधानी में अपनी नई पहचान बनाएगा।
- इस विक्रय केंद्र में छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा खादी शूटिंग वस्त्र, खादी सर्टिंग वस्त्र, खादी गमछा, खादी जैकेट, खादी कुरता, खादी पायजामा, खेस चादर, कोसा साड़ी, कोसा कुरती पीस, जुट पर्स और बाँस की बनी सिनरी, मिट्टी के प्रिंटेड थाली सेट और हर्बल सामग्रियों का विक्रय किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sangwari-chhattisgarh